राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

'स्वतंत्रता–दिवस' के अवसर पर राजभवन में
राज्यपाल के प्रधान सचिव ने राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया

पटना, 15 अगस्त, 2017

71वें स्वतंत्रता–दिवस' के अवसर पर राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा ने राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर आयोजित परेड में बिहार सैन्य पुलिस, पटना जिला बल, विशेष शाखा, वितंतु शाखा एवं महिला सिपाही शाखा की इकाइयों ने भाग लिया।

समारोह में राज्यपाल सचिवालय के सभी पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं के बीच मिठाइयाँ भी बाँटी गईं।

....